P372

इंदौर, मंगलवार 05 मई 2026
■ वर्ष : 5 ■ अंक : 161
■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत

आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650


राष्ट्रपिता को नमन...

# पांच राज्य-पांच चुनाव, जनादेश के अलग-अलग स्वरूप

**तमिलनाडु** — नया चेहरा




तमिल जनता ने बदलाव को चुना

**बंगाल** — रणनीति काम कर गई



साफ सोच, सटीक रणनीति, शानदार जीत

**केरलम** — एंटी इन्कमबेंसी




जनता ने सत्ता बदल दी

**पुडुचेरी** — अच्छा शासन




अच्छे शासन पर जनता की मुहर

**असम** — एसआईआर और बाहरी मुद्दा




SIR से साफ मतदाता सूची, संतुलित Demography की ओर मजबूत कदम

## सियासी जमीन पर चमके, किन्तु बहुमत से 10 कदम दूर



**चैन्नई (एजेंसी)** ● तमिलनाडु की राजनीति में यह चुनाव सिर्फ सत्ता परिवर्तन की कहानी नहीं, बल्कि सत्ता के समीकरण बदलने का संकेत भी है। अभिनेता से नेता बने थलापति विजय ने अपने पहले ही चुनाव में स्थापित द्रविड़ दलों के वर्चस्व को चुनौती देते हुए खुद को सबसे बड़े खिलाड़ी के रूप में स्थापित कर दिया है। उनकी पार्टी TVK 108 सीटों पर जीत के साथ राज्य में खुद को स्थापित कर चुकी है, लेकिन 118 के बहुमत के आंकड़े से अब भी 10 कदम की दूरी सत्ता की राह को जटिल बना रही है। यह परिणाम एक स्पष्ट संदेश देता है। तमिलनाडु की जनता बदलाव चाहती है, लेकिन पूर्ण सत्ता किसी एक के हाथ में सौंपने को अभी तैयार नहीं है। ऐसे में 'किंग' बनने के बाद 'किंगमेकर' बनने की चुनौती अब खुद विजय के सामने है। तमिलनाडु में एम जी रामचंद्रन और जे जयललिता जैसे फिल्मी चेहरों ने पहले भी राजनीति में सफलता पाई है, लेकिन रजनीकांत और कमल हासन जैसी बड़ी हस्तियां अपनी लोकप्रियता को वोट में तब्दील नहीं कर सकीं। विजय इस पैटर्न को तोड़ते दिखे।

## बीजेपी की बंपर जीत के बाद 'बाबू मोशाय' कौन ?



**कोलकाता (एजेंसी)** ● पश्चिम बंगाल में बीजेपी प्रचंड जीत पूर्ण बहुमत हासिल करने के बाद सबसे बड़ा सवाल ये है कि जीत के बाद बीजेपी बंगाल की कमान किसके हाथों में देगी और यहां का मुख्यमंत्री कौन बनेगा? बीजेपी आमतौर पर राज्य चुनावों में मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित नहीं करती है। लेकिन जिन चेहरों को बीजेपी ने आगे रखा उसमें से किसी एक सीएम बना सकती है। हालांकि बीजेपी ऐन समय पर नया चेहरा देकर चौंकाती रही है, पर इतना तो तय है कि कोई बंगाली ही अलग सीएम होगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चुनाव प्रचार के दौरान बार-बार कहा था कि अगर बीजेपी सत्ता में आती है, तो कोई 'बंगाली' ही मुख्यमंत्री बनेगा। बीजेपी ने चुनाव प्रचार के दौरान महिलाओं की सुरक्षा को सबसे आगे रखा था। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि पार्टी किसी महिला को मुख्यमंत्री बना सकती है।

## मिया पॉलटिक्सि ने पलटा खेल कांग्रेस और अजमल हुए फेल



**गुवाहटी (एजेंसी)** ● असम विधानसभा चुनाव 2026 के नतीजों ने राज्य के पारंपरिक मुस्लिम वोट बैंक की नई कहानी लिख दी है। बदरुद्दीन अजमल की AIUDF, जो कभी किंगमेकर थी, उसका वोट शेयर 9.3% से गिरकर महज 5.46% रह गया है। दिलचस्प बात यह है कि कांग्रेस का वोट प्रतिशत जस का तस बना हुआ है। मुस्लिम मतदाताओं के इस रणनीतिक बदलाव ने अजमल के सियासी रसूख को आधा कर दिया है, जिससे असम की राजनीति अब पूरी तरह द्विध्रुवीय होती दिख रही है। असम में मुस्लिम वोट किधर गया कांग्रेस वहीं खड़ी है, यानी उसका वोट प्रतिशत 2021 में जतिना था, लगभग उतना ही इसबार भी रहा। लेकिन मुस्लिमों के दम पर असम की सियासत में किंगमेकर की भूमिका निभाने वाली बदरुद्दीन अजमल का वोट प्रतशित आधा हो गया। मुस्लिम बहुल सीटों पर एकछत्र राज करने वाली AIUDF को इस बार ऐसा झटका लगा है, जिसकी उसने कभी कल्पना भी नहीं की होगी।

## अस्तित्व की तलाश में 'इंडिया गठबंधन'

**अक्षय की बात अपनों के साथ**



किसी भी गठबंधन को टिकाऊ बनाने के लिए स्पष्ट नेतृत्व और एक सुसंगत नैरेटिव जरूरी होता है। अभी इंडिया गठबंधन इसी मोर्चे पर जूझता दिखता है। क्या कोई एक चेहरा होगा या सामूहिक नेतृत्व? क्या एजेंडा सिर्फ 'विरोध' रहेगा या 'विकल्प' भी बनेगा? जब तक यह गठबंधन अपने एजेंडे को विकास, अर्थव्यवस्था, रोजगार और शासन के ठोस मुद्दों पर केंद्रित नहीं करता, तब तक इसकी विश्वसनीयता सीमित रह सकती है। भारत की राजनीति में क्षेत्रीय दलों की भूमिका निर्णायक रही है। बीजू जनता दल, वायएसआर, कांग्रेस, शिवसेना और समाजवादी पार्टी जैसे दल अपने-अपने राज्यों में सत्ता के केंद्र रहे हैं। लेकिन राष्ट्रीय गठबंधन में शामिल होते ही इनके सामने दोहरी चुनौती खड़ी हो जाती है। अगर इंडिया गठबंधन को भविष्य में प्रभावी बनना है, तो उसे तीन चीजें साफ करनी होंगी : स्पष्ट नेतृत्व या मजबूत समन्वय तंत्र, साझा न्यूनतम कार्यक्रम और राज्यवार यथार्थवादी सीट रणनीति। वहीं क्षेत्रीय दलों को भी समझना होगा कि अकेले लड़ना और गठबंधन में रहना-दोनों के अपने जोखिम हैं। गठबंधन का भविष्य अनिश्चित जरूर है, लेकिन असंभव नहीं। इसकी सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि यह विरोध की राजनीति से आगे बढ़कर विकल्प की राजनीति कैसे गढ़ता है।

***जहां तक क्षेत्रीय दलों का सवाल है, उनका अस्तित्व खत्म होने वाला नहीं है— लेकिन उनका स्वरूप बदल रहा है। वे अब 'किंगमेकर' से 'पावर पार्टनर' बनने की ओर बढ़ रहे हैं।***

## तेल का लालच, जान से खिलवाड़





**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● आज सुबह देपालपुर तहसील के छोटा बेटमा के समीप एक तेल का टेंकर पलटी खा गया। जैसे ही टेंकर पलटा, वैसे ही आसपास के ग्रामीण डब्बे, बर्तन, बाल्टी लेकर तेल समेटने पहुंच गए। चूंकि यह टेंकर सड़क किनारे ही पलटा था और तेल समेटने की आपाधापी के चलते मुख्य सड़क पर जाम जैसी हालात हो गई। हमारे प्रतिनिधि नीलेश चौहान ने तत्काल बेटमा थाना प्रभारी मीना करनावत को फोन लगाकर घटना की जानकारी दी। सवाल यह उठता है कि मात्र थोड़े से तेल की लालच के लिए जनता किस तरह अपनी जान के साथ खिलवाड़ करने में लगी हुई थी।

## केरल में केन्द्रीय मंत्री चुनाव हारे

### नतीजन प्रदेश में राज्यसभा की तीन सीटों पर ही होगा चुनाव

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● मध्यप्रदेश से राज्यसभा की चौथी सीट के चुनाव की संभावना खत्म हो गई। तमिलनाडु की अविनाशी सीट से विधानसभा के लिए चुनाव लड़ रहे केंद्रीय मंत्री डॉ. एल. मुरुगन चुनाव हार गए। उच्च सदन में उनका कार्यकाल 2030 तक है। यदि वह चुनाव जीत जाते तो सीट खाली होने की संभावना थी। मप्र कोटे की 3 सीटों पर सियासत तेज हो गई है। इनमें से दो भाजपा और एक सीट कांग्रेस के खाते की हैं। एक पर भाजपा महिला को भेजने की तैयारी में है।

पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में भाजपा को मिली सफलता के बाद अब मप्र की 3 सीटों को लेकर सरगर्मी बढ़ गई है। विधायकों की संख्या के आधार पर दो सीटों पर भाजपा और एक कांग्रेस के खाते में जाएंगीं। कांग्रेस के 3 विधायकों की सदस्यता को लेकर चल रहे विवादों और वोटिंग राइट न होने के चलते यह संख्या 62 ही रह सकती है। इनके अलावा भी कांग्रेस को क्रास वोटिंग की आशंका सता रही है।

> **_राज्यसभा में मप्र से 11 सदस्य, तीन के लिए चुनाव_**
>
> *मप्र से राज्यसभा में 11 सदस्य हैं। अगले महीने जून में राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह, सुमेर सिंह सोलंकी और जार्ज कुरियन का कार्यकाल पूरा होने के कारण 3 सीटों पर चुनाव होना है। जून में चुनाव प्रक्रिया शुरू होगी। विधानसभा में भाजपा की सदस्य संख्या 164 है जबकि कांग्रेस के 64 विधायक हैं। विजयपुर से कांग्रेस विधायक मुकेश मल्होत्रा और बीना से निर्मला सप्रे का प्रकरण कोर्ट में लंबित हैं। कांग्रेस के पास एक सीट जीतने के लिए सदस्य संख्या है लेकिन क्रास वोटिंग की स्थिति में तीसरी सीट भी इस बार चुनौतीपूर्ण साबित हो सकती है।*

**कांग्रेस के 3 विधायकों के वोट घटे :** मप्र विधानसभा चुनाव 2023 के बाद कांग्रेस के 65 विधायक जीतकर आए थे। लेकिन दतिया विधायक भारती की सदस्यता शून्य हो चुकी है। बीना विधायक निर्मला सप्रे और श्योपुर से मुकेश मल्होत्रा की विधायकी का प्रकरण भी कोर्ट के विचाराधीन है। दिल्ली कोर्ट में दतिया विधायक भारती के मामले की सुनवाई 29 जुलाई को रखी गई है।

**भाजपा, महिला नेत्रियों को दे सकती है मौका :** मप्र में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर विधानसभा का विशेष सत्र के बाद पार्टी सूत्रों का कहना है कि राज्यसभा की एक सीट पर किसी महिला को मौका मिल सकता है। राज्यसभा के साथ और संगठन में भी भाजपा महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ा सकती है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल भी यह संकेत दे चुके हैं कि संगठन में महिला प्रतिनिधित्व बढ़ेगा।

**राज्यसभा में मप्र के सदस्य दोनों केंद्रीय मंत्री चुनाव हारे :** केरल में विधानसभा की कांजीरापल्ली सीट पर जार्ज कुरियन को कांग्रेस के रोनी के बेबी ने चुनाव में पराजित कर दिया। कुरियन का राज्यसभा में कार्यकाल खत्म हो चुका है। तीन सीटों के चुनाव में भाजपा कुरियन को मौका देती है कि इस पर अटकलें चल रही है। इसी तरह तमिलनाडु की अविनाशी सीट से केंद्रीय मंत्री डॉ. एल. मुरुगन भी चुनाव में पराजित हो गए।

**फेल इंटेलिजेंस** — एक महीने में 6 व्यापारियों को धमकी, मांगी करोड़ों की रंगदारी

## प्रदेश आया ग्लोबल सिंडिकेट के निशाने पर, लॉरेंस गैंग की एंट्री!

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर/भोपाल** ● शांति का टापू माना जाने वाला मप्र अब ग्लोबल सिंडिकेट की नजरों में है। पिछले एक माह में ही कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गैंग के गुर्गों ने अलग-अलग शहरों में व्यापारियों से 5 से 15 करोड़ रुपए तक की रंगदारी मांगी और दहशत फैलाने के लिए फायरिंग भी की।

6 मामले अब तक दर्ज हो चुके हैं। सभी में एक ही पैटर्न और एक जैसी आवाज सामने आई है। एक्सपर्ट का मानना है कि इंटेलिजेंस सिस्टम की खामी की वजह से ऐसी गैंग को पैर जमाने का मौका मिल रहा है। एसटीएफ की एसआईटी इस मामले की जांच कर रही है। अब तक करीब 25 गुर्गे गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

पुलिस जांच में पता चला कि लॉरेंस का करीबी हैरी बॉक्सर गैंग चला रहा है। धमकी देने के लिए पहले इंटरनेशनल नंबर से कॉल करते हैं, फिर वाट्सएप या अन्य माध्यम से ऑडियो मैसेज भेजकर डराते हैं। हैरी का खास प्रदीप शुक्ला मुरैना से पकड़ाया तो पूरे नेटवर्क का खुलासा हुआ।

जांच एजेंसियों के मुताबिक हैरी के इशारे पर प्रदीप ही मप्र के व्यापारियों की जानकारी जुटाकर कॉल करवाता था। उसकी हैरी से मुलाकात 2022 में जयपुर में हुई थी। उसी ने लोकल बदमाशों को गैंग से जोड़ा। गैंग से जुड़े एक



नाबालिग को भी एसआईटी ने रिमांड पर लिया है। जेल में बंद लॉरेंस इस वक्त देश का सबसे बड़ा गैंगस्टर है।

### इंदौर में तीन जगह रंगदारी के मामले

- रंजन मित्तल, अलग-अलग अंतरराष्ट्रीय नंबरों से वाट्सएप कॉल/वॉइस नोट भेजे गए। परिवार को मारने की धमकी दी और पैसों की मांग की।
- संजय जैन, तुकोगंज वाट्सएप कॉल, मैसेज व वीडियो कॉल के माध्यम से धमकाया गया। पहले 10 करोड़, फिर 15 करोड़ रुपए की मांग की।
- मेवाड़ा परिवार रिसॉर्ट संचालक को पहले रिसेप्शन के माध्यम से संपर्क कर नंबर लिया गया, फिर आरोपी ने खुद को हैरी बॉक्सर बताते हुए कॉल किया। 5 करोड़ रुपए मांगे।

### अशोकनगर व भोपाल में 10-10 करोड़ की मांग

- अंकित अग्रवाल अंतरराष्ट्रीय नंबरों से वाट्सएप कॉल/वॉइस मैसेज आए। आरोपी ने खुद को लॉरेंस गैंग का सदस्य बताते हुए उसकी निजी जानकारी बताई और 10 करोड़ मांगे। इसके बाद पुलिस सक्रिय हुई और गैंग के शूटर मनीष जांगिड़ को 6 पेट्रोल बम के साथ पकड़ा। प्रदीप शुक्ला सहित 3 लोग और पकड़े गए।
- भोपाल से गौरव जैन, कोलार रोड अज्ञात नंबरों से वाट्सएप कॉल कर 10 करोड़ रुपए मांगे। जैन के घर का वीडियो बनाकर आगे भेजने वाला बांदा, उप्र निवासी निर्मल तिवारी गिरफ्तार हो चुका है।

न्यूज ब्रीफ

### इंदौर समेत 20 शहरों में युवाओं की पहल, डेयरी के जलवायु प्रभाव पर ध्यान

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** पर्यावरण दिवस के बाद, भारत के युवा देश के डेयरी सेक्टर से जुड़े पर्यावरणीय और नैतिक मुद्दों के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। भारत दुनिया में दूध उत्पादन में सबसे आगे है, और यही सिस्टम देश के बीफ निर्यात से भी जुड़ा हुआ है। इंदौर में, युवाओं ने छप्पन दुकान पर एक सार्वजनिक इंस्टॉलेशन के जरिए डेयरी के पर्यावरणीय प्रभाव और उसके बीफ उद्योग से संबंध को सामने रखा। इसी तरह, देश के 20 शहरों में युवा यह संदेश दे रहे हैं कि 'दूध और बीफ एक ही जानवर से आते हैं ', और लोगों से अपील कर रहे हैं कि वे डेयरी सप्लाई चेन में जानवरों की पूरी यात्रा को समझें और देखें कि अंत में वे कैसे बीफ उद्योग में पहुंचते हैं। यह बदलाव ऐसे समय पर हो रहा है जब मध्य प्रदेश दूध उत्पादन में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

### साधना की पूर्ण प्राप्ति नहीं हो जाए तब तक उसे गुप्त रखे : केदारनाथ महाराज

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** जीवन में हर व्यक्ति को साधना भोजन और भजन को गुप्त रखना चाहिए, उसका दिखावा नहीं करना चाहिए, अगर आप साधना का दिखावा करते हैं, तो आपको साधना में सफलता नहीं मिलेगी , साधना और भजन की पूर्ण प्राप्ति नहीं हो जाए तब तक उसे गुप्त रखना चाहिए, श्रद्धा और विश्वास के साथ साधना करना चाहिए उससे शक्ति में वृद्धि होती है, शास्त्र के अनुकूल होकर संयमित जीवन जीना चाहिए, जैसी क्रिया करोगे वैसा गुण अवगुण होगा, एक गुरु एक मंत्र पर पूर्ण भरोसा परम् भक्ति है,यही प्रेम है ज्ञान है मुक्ति है इनके अलावा और कुछ नहीं है।भगवान के प्रेम से बढ़कर कोई भक्ति नहीं है।

**कश्मिनर के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड में, लू से बचाव के लिए जारी हुई एडवाइजरी**

# इंदौर संभाग में हीटस्ट्रोक अलर्ट : अस्पतालों में बने विशेष क्लीनिक

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** प्रदेश में लगातार बढ़ते तापमान और लू के खतरे को देखते हुए इंदौर संभाग का स्वास्थ्य अमला अलर्ट मोड पर आ गया है। कश्मिनर डॉ. सुदाम खाड़े के निर्देश पर इंदौर संभाग के सभी जिलों में जिला अस्पतालों, सिविल अस्पतालों और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में विशेष हीट स्ट्रोक क्लीनिक शुरू कर दिए गए हैं।



**व्यवस्थाएं की गई** - अस्पतालों में लू और तापघात से प्रभावित मरीजों के लिए विशेष बेड, दवाइयां, ओआरएस कॉर्नर, कूलर और पंखों सहित अतिरिक्त व्यवस्थाएं की गई हैं। कश्मिनर डॉ. खाड़े ने हाल ही में आयोजित कलेक्टर कॉन्फ्रेंस में सभी जिला कलेक्टर्स को निर्देश दिए थे कि गर्मी के बढ़ते असर को देखते हुए स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को तत्काल मजबूत किया जाए। निर्देशों के बाद स्वास्थ्य विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संभाग के विभिन्न जिलों में विशेष इंतजाम शुरू कर दिए हैं। बुरहानपुर जिले में जिला अस्पताल सहित शाहपुर, खकनार, नेपानगर और लालबाग के स्वास्थ्य केन्द्रों में हीट स्ट्रोक क्लीनिक शुरू किए गए हैं। यहां ओआरएस कॉर्नर, कूलर, पंखे और विशेष बेड की व्यवस्था की गई है। लू से प्रभावित मरीजों के लिए 108 एम्बुलेंस सेवा भी निशुल्क उपलब्ध कराई गई है। आलीराजपुर जिले में जिला अस्पताल के प्रत्येक वार्ड में दो-दो बेड आरक्षित किए गए हैं। यहां विशेष एचआई क्लीनिक स्थापित कर विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में मरीजों का उपचार किया जा रहा है। झाबुआ जिले में जिला अस्पताल के एचआरआई वार्ड में हीट स्ट्रोक मरीजों के लिए पांच विशेष बेड आरक्षित किए गए हैं, जबकि खंडवा जिले में जिला अस्पताल के साथ सभी सिविल अस्पतालों और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में अतिरिक्त बेड और दवाइयों की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इंदौर, धार, खरगोन और बड़वानी सहित पूरे संभाग में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लू से बचाव के लिए जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। लोगों को पर्याप्त पानी पीने, दोपहर में धूप से बचने और समय पर उपचार लेने की सलाह दी जा रही है।

### दोपहर 12 से 3 बजे के बीच घर से बाहर न निकलें

स्वास्थ्य विभाग की एडवाइजरी में चेतावनी दी गई है कि अत्यधिक गर्मी के कारण सनबर्न, हीट कैम्प, हीट एक्सॉशन और हीट स्ट्रोक जैसी गंभीर स्थितियां पैदा हो सकती हैं। लू के प्रमुख लक्षणों में तेज बुखार, सिरदर्द, चक्कर, कमजोरी, उल्टी, शरीर का अत्यधिक गर्म होना और बेहोशी शामिल हैं। डॉक्टरों ने लोगों को सलाह दी है कि वे दिनभर पर्याप्त मात्रा में पानी, छाछ, लस्सी, नींबू पानी और ओआरएस का सेवन करें। दोपहर 12 से 3 बजे के बीच अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचें और हल्के रंग के सूती कपड़े पहनें। स्वास्थ्य विभाग ने अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति में लू के लक्षण दिखाई दें तो उसे तुरंत छायादार स्थान पर ले जाकर शरीर को ठंडा करें और आवश्यकता पड़ने पर तत्काल नजदीकी अस्पताल या 108 एम्बुलेंस सेवा से संपर्क करें।

# सीएम हेल्पलाइन में लापरवाही, अधिकारियों पर जुर्माना

### शिकायतों के निराकरण को लेकर अधिकारियों को सख्त चेतावनी, थमाए नोटिस

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** कलेक्टर शिवम वर्मा ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित समय-सीमा (टीएल) बैठक में सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण को लेकर अधिकारियों को सख्त चेतावनी दी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शिकायतों के निराकरण में लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई तय होगी।

बैठक में विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों, शिकायतों और आवेदनों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी मामलों का गुणवत्तापूर्ण और समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की रैंडम समीक्षा भी की।

सीएमएचओ, प्राचार्य को नोटिस: इस दौरान लापरवाही पाए जाने पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सहायक आयुक्त जनजातीय विकास तथा पटेल कॉलेज के प्राचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। वहीं डाइट के एक कर्मचारी पर दो हजार रुपए का अर्थदंड लगाने के निर्देश भी दिए गए।

उन्होंने सभी विभागों को सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार जिले में चल रहे जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रगति की भी समीक्षा की गई। साथ ही समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि किसानों के लिए स्लॉट बुकिंग प्रक्रिया को और सरल बनाया जाए तथा खरीदी और भुगतान समय पर सुनिश्चित हो।

**पीएनजी कनेक्शन के कार्य में तेजी लाने के निर्देश:** भीषण गर्मी और लू को देखते हुए कलेक्टर ने सभी शासकीय कार्यालयों में आगंतुकों के बैठने एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएनजी कनेक्शन के कार्य में तेजी लाने और घर-घर कनेक्शन के लिए आईटीआई प्रशिक्षित युवाओं की मदद लेने के भी निर्देश दिए।

बैठक में इंदौर विकास प्राधिकरण के सीईओ डॉ. परीक्षित झाड़े, जिला पंचायत सीईओ सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पंवार, रोशन राय, रिंकेश वैश्य, नगर निगम अपर आयुक्त एन.एन. पांडे, स्मार्ट सिटी सीईओ अर्थ जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**अवैध प्लॉटिंग, टीन शेड और करीब 24 जगह की फेंसिंग हटाई गई**

# सिरपुर में 40 करोड़ की सरकारी जमीन छुड़ाई

### राजस्व-निगम-पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** जिले में सरकारी जमीनों पर कब्जा करने वालों के खिलाफ जिला प्रशासन लगातार सख्त कार्रवाई कर रहा है। इसी अभियान के तहत सोमवार को ग्राम सिरपुर में करीब 40 करोड़ रुपए मूल्य की शासकीय भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराया गया। प्रशासन ने मौके पर बुलडोजर कार्रवाई करते हुए अवैध प्लॉटिंग, टीन शेड और फेंसिंग हटाकर जमीन को कब्जामुक्त किया। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई में राजस्व विभाग, नगर निगम और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम शामिल रही। प्रशासन के अनुसार ग्राम सिरपुर स्थित सर्वे नंबर 33 की 2.711 हेक्टेयर नजूल भूमि पर अवैध कब्जा कर छोटे-छोटे प्लॉट काटे गए थे। यहां पांच निर्माणाधीन संरचनाएं, एक पतरे का टीन शेड और करीब 24 प्लॉट तार फेंसिंग से घेर दिए गए थे।



प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर संपूर्ण अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की और सरकारी भूमि को मुक्त कराया। अधिकारियों के मुताबिक कब्जामुक्त कराई गई जमीन का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 40 करोड़ रुपए है। जिला प्रशासन का कहना है कि सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा और प्लॉटिंग किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आने वाले दिनों में भी ऐसे अतिक्रमणों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।



**मजदूर दिवस पर 'गीता रामेश्वरम ट्रस्ट' की अनूठी पहल**

# 500 से अधिक श्रमिकों का सम्मान और पक्षी संरक्षण का संकल्प

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में 'गीता रामेश्वरम ट्रस्ट' द्वारा एक गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन विद्यासागर स्कूल, बिचोली मर्दाना में किया गया। इस अवसर पर समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले 500 से अधिक श्रमिक भाइयों और मातृशक्ति को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव और आयोजक सत्यनारायण पटेल ने अपने हाथों से सभी मजदूरों को बड़े प्रेम और स्नेह के साथ भोजन परोसा। सम्मान के प्रतीक स्वरूप ट्रस्ट की ओर से सभी श्रमिकों को टिफिन बॉक्स भेंट किए गए। भोजन और सम्मान के साथ-साथ इस आयोजन में पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों को पक्षियों की रक्षा के लिए 'सकोरे' और दाना वितरित किया गया। साथ ही, सभी को यह संकल्प दिलाया गया कि वे अपने घरों पर पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था करेंगे ताकि इस भीषण गर्मी में बेजुबान पक्षियों को राहत मिल सके। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षाविद जगदीश शर्मा उपस्थित रहे।

# स्वच्छता जोड़ी अभियान से देपालपुर का बदला स्वरूप

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** स्वच्छता जोड़ी अभियान के तहत देपालपुर नगर परिषद् अब स्वच्छ और सुंदर शहर के रूप में तेजी से उभर रहा है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने सोमवार सुबह देपालपुर का दौरा कर स्वच्छता व्यवस्थाओं का जायजा लिया और किए जा रहे कार्यों की सराहना की। महापौर ने प्रमुख मार्गों, बाजारों और आवासीय क्षेत्रों का निरीक्षण करते हुए डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, नालियों की सफाई और समग्र स्वच्छता व्यवस्था की स्थिति का आंकलन किया।

**डोर-टू-डोर कलेक्शन और सफाई व्यवस्था पर जोर :** महापौर ने मौके पर ही अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान श्रीआर गतिविधियों का अवलोकन करते हुए नागरिकों से संवाद कर उनके सुझाव भी प्राप्त किए।

**कचरा प्रबंधन और लिगेसी वेस्ट कार्यों की समीक्षा :** महापौर ने ट्रेंचिंग ग्राउंड और पूर्व में उपयोग की गई साइट का निरीक्षण कर वर्तमान स्थिति की तुलना की तथा लिगेसी वेस्ट निपटान और कचरा प्रोसेसिंग कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। ग्रामीण चौपाल के रूप में आयोजित संवाद कार्यक्रम में सफाई मित्रों, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों से चर्चा कर स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया, साथ ही सभी को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। मंडी को आकर्षक बनाने के निर्देश देपालपुर मंडी के निरीक्षण के दौरान महापौर ने इसे और अधिक सुव्यवस्थित, आकर्षक और रंगीन बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने इंदौर की तर्ज पर एकरूप साइन बोर्ड और बेहतर व्यवस्थाएं विकसित करने की बात कही। निरीक्षण के दौरान महापौर ने स्थानीय दुकानदारों से मालवी भाषा में संवाद कर सफाई व्यवस्था की जानकारी ली।




# जे. के. एंटरप्राइज़ेस गुलशन ग्रोवर का अपने ब्रांड एंबेसेडर के रूप में स्वागत करती है



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** जे. के. एंटरप्राइज़ेस ने आज इंदौर में विख्यात सिनेमा अभिनेता गुलशन ग्रोवर का अपने व्यापार परिवार में स्वागत किया। मार्केटिंग की इस कूटनीतिक पहल के अंतर्गत जे. के. एंटरप्राइज़ेस अपनी उत्पाद श्रृंखला का चेहरा ग्रोवर को बनाने जा रही है। भारत के पैकेज्ड पेय उद्योग में जे. के. एंटरप्राइज़ेस एक तेजी से उभरता हुआ नाम है। जे. के. एंटरप्राइज़ेस के विविध ब्रांड, विभिन्न वर्गों में उपलब्ध हैं। ग्रीन पार्क प्रीमियम ड्रिंकिंग वाटर एवं लंडन प्राइड क्लब सोडा अपने क्षेत्र के अग्रणी ब्रांड हैं। इंदौर के बिज़नेस हब से संचालित जे. के. एंटरप्राइज़ेस कई मल्टीनेशनल ब्रांड की चुनौतियों से सफलता पूर्वक जीत अर्जित कर चुकी है। गुलशन ग्रोवर से अनुबंध कंपनी के विस्तार को नई दिशा देने जा रहा है करणवीर छाबड़ा ने गुलशन ग्रोवर का स्वागत करते हुए कहा.. 'हम अत्यंत उत्साह के साथ यह जानकारी साझा करना चाहते हैं कि एक विशिष्ट ब्रांड श्रृंखला बैडमैन स्पेशल बाई गुलशन ग्रोवर लॉच करने जा रहे हैं जो कि गुलशन के चिर परिचित किरदार बैडमैन को हमारी आदरांजलि है। हमारे लिए यह बेहद प्रसन्नता और गर्व का क्षण है कि गुलशन जैसे वरिष्ठ अभिनेता हमारे साथ जुड़ रहे हैं और हमारी क्षमताओं पर उन्होंने भरोसा जताया है।'

# एलीवेटेड रोड विवाद : पीडब्ल्यूडी के जवाब पर रीजॉइंडर दाखिल, अगले सप्ताह होगी सुनवाई

### सर्वे रिपोर्ट दबाने और उपयोगिता आंकड़ों के अभाव पर उठे सवाल, हाईकोर्ट ने मांगा स्पष्टीकरण



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** एलीवेटेड रोड को लेकर चल रहे विवाद में उच्च न्यायालय में महत्वपूर्ण सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता की ओर से अतुल शेठ ने लोक निर्माण विभाग के जवाब पर रीजॉइंडर प्रस्तुत किया, जिसमें विभाग की कार्यप्रणाली और सर्वे रिपोर्ट को लेकर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। रीजॉइंडर में बताया गया कि पीडब्ल्यूडी ने एक्रोपोलिस कॉलेज द्वारा किए गए सर्वे पर एसजीएसआईटीएस से टिप्पणी मांगकर राय ली थी, लेकिन इस रिपोर्ट को लगभग एक वर्ष तक सार्वजनिक नहीं किया गया। याचिकाकर्ता की ओर से यह भी कहा गया कि जब मामला न्यायालय में आया, तब विभाग ने एक्रोपोलिस कॉलेज को पत्र लिखकर स्पष्टीकरण मांगा, जो पूरे प्रकरण पर संदेह उत्पन्न करता है।

**जवाब में संलग्न, लेकिन उल्लेख नहीं**-याचिकाकर्ता पक्ष ने यह भी आरोप लगाया कि विभाग ने उक्त सर्वे को अपने जवाब में संलग्न तो किया लेकिन उसके बारे में कोई स्पष्ट उल्लेख नहीं किया, जिससे उसकी विश्वसनीयता पर सवाल खड़े होते हैं। रीजॉइंडर में एलीवेटेड रोड परियोजना से शहर को संभावित नुकसान का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। इसमें ट्रैफिक, पर्यावरण और शहरी ढांचे पर पड़ने वाले प्रभावों को ध्यान में रखने की मांग की गई। सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद मामले की अगली सुनवाई अगले सप्ताह तय की है। रीजॉइंडर में यह भी उल्लेख किया गया कि विभाग ने अपने जवाब में एलीवेटेड रोड की उपयोगिता से जुड़े कोई ठोस आकड़े प्रस्तुत नहीं किए है, साथ ही वर्ष-2021 में कराए गए एक सर्व को 'दिखावटी' बताते हुए कहा गया कि यह सर्वे अज्ञात व्यक्तियों से कराया गया था।

# समाधान योजना में प्रत्येक पात्र उपभोक्ता से संपर्क कर लाभ दें

### मालवा निमाड़ में अब तक 40 करोड़ की सरचार्ज माफी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने सोमवार की शाम 15 मई को समाप्त हो रही समाधान योजना के तहत वीडियो कॉन्फ्रेंस से 15 जिलों के बिजली अधिकारियों की मिटिंग ली। उन्होंने कहा कि तीन माह या अधिक अवधि के बकाया बिल वाले प्रत्येक पात्र उपभोक्ताओं से संपर्क किया जाए। इसके लिए एसई, डीई, एई, जेई, टीए, लाइनमैन, आउटसोर्स कर्मी, लिपिक, कम्प्यूटर आपरेटर इत्यादि सक्रियता से कार्य करे व समाधान योजना अंतर्गत कंपनी के लक्ष्य को पूरा कराए। इस योजना से जहां उपभोक्ताओं को पात्रतानुसार 90 प्रतिशत तक सरचार्ज माफी मिलेगी, वहीं कंपनी का बड़ा राजस्व प्राप्त होगा। सिंह ने कहा कि अब तक 9.17 लाख उपभोक्ताओं को करीब 40 करोड़ की सरचार्ज माफी का लाभ दिया जा चुका है। मई के शेष 11 दिनों में दैनिक स्तर पर दस हजार बकायादारों से संपर्क स्थापित कर राशि जमा कराई जाए। श्री सिंह ने इंदौर, धार, देवास, उज्जैन, रतलाम, बड़वानी जैसे जिलों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य अभियंता वाणिज्य श्रीमती सुषमा गंगराड़े, अधीक्षण अभियंता अंतिम कुमार जैन ने भी विचार रखे। इंदौर समेत अन्य जिलों के बिजली अधिकारियों ने आगामी दिवसों की कार्ययोजना प्रस्तुत की।



# भाजपा कार्यालय पर मना जश्न : बंगाली मिठाई, रसगुल्ला, संदेश, लड्डू और झालमुरी खिलाकर एक दूसरे को दी बधाई

**इंदौर।** पश्चिम बंगाल, असम और पांडिचेरी विधानसभा चुनाव में भाजपा की एतिहासिक विजय पर आज भाजपा इंदौर नगर द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय भवन, जावरा कंपाउंड पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, जिला प्रभारी राजेश सिंह सोलंकी, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक रमेश मेंदोला, महेंद्र हार्डिया, मधु वर्मा, सुदर्शन गुप्ता की उपस्थिति में कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया।

भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कार्यकर्ताओं को बंगाली मिठाई, रसगुल्ला, संदेश, लड्डू खिलाकर एतिहासिक जीत की बधाई दी। कार्यकर्ताओं ने भी एक दूसरे को मिठाई खिलाई। वही बंगाली झालमुरी भी कार्यकर्ताओं को खिलाई।

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत

इंदौर, मंगलवार 05 मई 2026

न्यूज ब्रीफ

## मई में बिजली की भारी मांग

दैनिक इंदौर संकेत

इंदौर ●अप्रैल के बाद मई में भी बिजली की भारी मांग की स्थिति है। मई के पहले चार दिनों में सवा पांच करोड़ यूनिट से ज्यादा बिजली वितरण हुआ हैं। वहीं अधिकतम मांग 637 मैगावाट दर्ज हुई हैं। बीती मध्यरात बारह बजे बिजली की मांग 590 मैगावाट के पार रही।

## जेल कैदियों के लिए अच्छी खबर तेज गर्मी के तहत कैदियों के बैरक में कूलर

दैनिक इंदौर संकेत

इंदौर ● संभाग की सबसे बड़ी केंद्रीय जेल में तेज गर्मी के चलते कैदियों के लिए जेल प्रशासन में विशेष व्यवस्था की है । कैदी बैरकों में कूलर एवं पंखे लगाने का कार्य चल रहा है जेल अधीक्षक अलका सोनकर ने बताया कि जेल में 50 बैरक हैं इन सभी में पुराने समय के पंख लगे हुए हैं । कुछ पंख बंद भी पड़े हुए हैं । दुरुस्त भी कराया जा रहा है वर्तमान में तेज गर्मी के चलते पंखों ने भी दम तोड़ दिया है हाल ही में जेल प्रशासन ने अस्पताल के चार बैरको में पांच कूलर तथा एक महिला वार्ड में लगाया है । कुछ स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा कूलर लगवाए जा रहे हैं । इसके अलावा ठंडे पानी की व्यवस्था के लिए पांच वाटर कूलर .तथा 500 से ज्यादा मटकों की व्यवस्था की गई है प्रशासन द्वारा कैदियों को लुऔर गर्मी से बचाव के लिए .ठंडे पानी के साथ-साथ फ्रूट और नींबू पानी पीने की सलाह दी जा रहा है ।

## सुश्री सुशीला यादव बनीं इंदौर शहर कांग्रेस की विशेष आमंत्रित सदस्य



दैनिक इंदौर संकेत

इंदौर ● मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार इंदौर शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठनात्मक विस्तार के तहत सुश्री सुशीला पिता श्यामसुंदर यादव को विशेष आमंत्रित सदस्य नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति क्रमांक 439/26, 24 अप्रैल के आदेशानुसार की गई। पार्टी ने यह निर्णय उनके संगठन के प्रति समर्पण, सक्रियता एवं जमीनी स्तर पर योगदान को देखते हुए लिया है। आदेश में उल्लेख है कि यह नियुक्ति अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के मार्गदर्शन तथा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशों के अनुरूप की गई है। सुश्री सुशीला यादव से अपेक्षा की गई है कि वे कांग्रेस की विचारधारा के अनुरूप कार्य करते हुए संगठन को मजबूत करने में सक्रिय भूमिका निभाएँगी तथा अपने कार्यों की नियमित जानकारी शहर कांग्रेस कमेटी को उपलब्ध कराएँगी।

## मंशापूर्ण शनि मंदिर पर 3 दिवसीय शनि जयंती महोत्सव 14 से

दैनिक इंदौर संकेत

इंदौर ●यंग इंडिया क्लब के तत्वावधान में जिंसी चौराहा स्थित मंशापूर्ण शनि मंदिर पर तीन दिवसीय शनि जयंती महोत्सव का आयोजन 14 से 16 मई तक विभिन्न धर्माचार्यों एवं संतों-महंतों के सानिध्य में धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दौरान पुष्प बंगला, महाआरती, 56 भोग एवं सुंदरकांड के पाठ सहित विभिन्न अनुष्ठान होंगे। यंग इंडिया क्लब के अध्यक्ष श्याम अग्रवाल एवं डॉ. निर्मल महाजन ने बताया कि गुरुवार 14 मई को सायं 7 बजे से भव्य फूल बंगला श्रृंगारित किया जाएगा। शुक्रवार 15 मई को सायं 7 बजे से देवी अहिल्या वि.वि. कर्मचारी रामायण मंडल द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा।

### नियुक्तियों में विलंब किया गया तो फिर जेडी और जिला शिक्षा अधिकारियों को देना होगा जवाब

# प्रदेश में स्कूल खुलने के पहले दिन से ही उपलब्ध होंगे अतिथि शिक्षक

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

इंदौर ● बच्चों को प्रारंभिक दौर से अध्यापन कराने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने नई व्यवस्था की है। अप्रैल के बाद जब नियमित विद्यालय ओपन होंगे तो पहले ही दिन से बच्चों को कक्षाओं में शिक्षक मिलेंगे। इस कारण पहली बार 15 जून से पहले अतिथि शिक्षक नियुक्त करने की व्यवस्था हुई है। इस संबंध में डीपीआई ने सभी संभागीय संयुक्त संचालकों और जिला शिक्षा अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं।

अभी तक शहर से शहर और कस्बा मुख्यालयों से लेकर गांव में संचालित स्कूलों में अतिथियों की नियुक्ति में विलंब होता रहा है। अनेक स्कूल ऐसे रहे जहां जुलाई के बाद अगस्त तक नियुक्तियां होती रही हैं। नतीजतन बच्चों की पढ़ाई का खासा नकसान हुआ।

निरीक्षण रिपोर्टो के आधार पर लोक शिक्षण संचालनालय ने निर्णय लिया है कि 15 जून से




स्कूल खुल रहे हैं। इसी दिन से नियमित कक्षाओं का संचालन होगा। नतीजतन प्रथम दिन से ही हर विद्यालय में अतिथि शिक्षक कक्षा में मौजूद होंगे। पोर्टल पर परीक्षण के बाद यदि किसी विद्यालय में समय पर अतिथियों की नियुक्ति नहीं हुई तो जेडी ओर जिला शिक्षा अधिकारियों को जवाब देना होगा।

**होगी 70 हजार भर्तियां-** संचालनालय के आंकडों में 70 हजार अतिथि शिक्षकों की भर्ती की जानी है। अधिकारियों का कहना है कि संख्या बढ़ भी सकती है क्योंकि गुजरे सत्र में अनेक शिक्षक रिटायर्ड हुए हैं। इसलिए ऐसे पदों की जानकारी संकलित की जा रही है। लगभग 10 हजार अतिथि शिक्षक और भी बढ़ सकते हैं।

**इसलिए नई व्यवस्था में सख्ती-**लोक शिक्षण संचालनालय का कहना है कि साल में अब दो परीक्षाएं आयोजित हो रही हैं। नतीजतन बच्चों का पाठ्यक्रम समय पर कंपलीट कराना भी चुनौती है। यह तभी संभव है, जब वक्त पर बच्चों के लिए कक्षाओं में शिक्षक मौजूद हों। इसलिए शाला खुलने के पहले ही दिन से अतिथि शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है।

### पहली परीक्षा में प्रतिशत बढ़ाने का लक्ष्य

अफसरों का कहना है कि दसवीं एवं बारहवीं की साल में दो परीक्षाएं हो रही हैं। पहली ही परीक्षा में अधिक से अधिक विद्यार्थी बेहतर अंकों से उत्तीर्ण हो। परीक्षा परिणाम का प्रतिशत बढ़े। यह लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस कारण पूरे सत्र के दौरान पाठ्यक्रम पर फोकस होगा। मासिक से लेकर तिमाही और छमाही परीक्षाओं का आंकलन किया जाएगा। जो बच्चे कमजोर रहेंगे, उनकी विशेषज्ञ कक्षाओं में तैयारियां करवाई जाएंगी।

## ईमानदारी आज भी जिंदा है सरिया व्यापारी ने ईमानदारी की मिसाल पेश की



### व्यापारी ने 3 लाख के सोने के आभूषण महिला को वापस लौटाए

दैनिक इंदौर संकेत

देपालपुर ● नगर में भोलेनाथ ट्रेडर्स के नाम से स्थित दुकान संचालक राहुल राठौर और उनके पिता ने ईमानदारी की एक ऐसी मिसाल पेश की इसके चर्चे नगर में हो रहे, जानकारी में पता चला आटावदा निवासी दिलीप चौधरी सगाई समारोह में जा रहे थे रास्ते में भोलेनाथ ट्रेडर्स के समीप जेब से सोने के आभूषण की पुड़िया गिर गई जिस पर दुकान संचालक राहुल राठौर और उनके भाई की नजर पड़ी उन्होंने तत्काल अपने कर्मचारियों को पुड़िया उठाने के लिए भेजा पुड़िया खोल कर देखा तो उसमें सोने का एक बाजूबंद था जिसकी कीमत लगभग तीन लाख से अधिक थी बाजूबंद मिलने के बाद ईमानदारी का परिचय देते हुए सोशल मीडिया पर बाजूबंद मिलने की जानकारी साझा की व्यापारी का मकसद एक ही था। जिसका भी यह आभूषण है उसको मिले सोशल मीडिया से चौधरी परिवार को इसकी जानकारी मिली और उन्होंने दुकान संचालक से संपर्क किया और 24 अवतार मंदिर के प्रांगण में व्यापारी ने चौधरी परिवार को बाजूबंद लौटाया इतना ही नहीं चौधरी ने व्यापारी को दुपट्टा डालकर सम्मानित किया और कहा आप जैसे ईमानदार लोग आज भी जिंदा है नहीं तो इतनी बड़ी रकम कोई वापस लौटाता है क्या चौधरी ने एक बार फिर राठौर परिवार को धन्यवाद दिया। दुकान संचालक राहुल राठौर ने कहा कि मेरे परिवार को ईश्वर ने बहुत दिया है आज के समय में सोने का भाव आसमान छू रहा है एक परिवार कैसे अपनी रकम बनता है या वही जानता है।

## दिगंबर जैन महिला परिषद का दो दिवसीय अधिवेशन संपन्न हुआ



दैनिक इंदौर संकेत

इंदौर ● अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद का दो दिवसीय 39वां राष्ट्रीय अधिवेशन चंद्रलीला होटल में संपन्न हुआ। दूसरे दिन के मुख्य अतिथि परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जैन प्रदेश अध्यक्ष सुनील जी एवं विशेष अतिथि हंसमुख गांधी थे। युवा परिषद के अध्यक्ष प्रशांत समैया केंद्रीय अध्यक्ष श्रीमती निर्मला जैन, सुमन जैन, पुष्पा कासलीवाल अनिल प्रतिभा बांझल एवं संदीप राशि जी जैन द्वारा ध्वजारोहण एवं भगवान महावीर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करने के पश्चात महिला परिषद की श्रीमती अनीता जैन ने स्वागत भाषण दिया एवं केंद्रीय अध्यक्ष निर्मला जी ने देशभर से आए केंद्रीय परिषद एवं महिला परिषद के पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मेरे चार वर्षीय कार्यकाल में 19 प्रांतों में सक्रिय महिला परिषद के संभागों एवं शाखाओं की पदाधिकारियों तथा सदस्य सखियों ने सक्रियता, सजगता और लगनशीलता से कार्य करते हुए परिषद के ध्येय वाक्य सर्व कल्याणम को ध्यान में रखकर धर्म, समाज, संस्कृति, गौ सेवा और मानव सेवा के क्षेत्र में नए प्रतिमान स्थापित किए, जिसके लिए आप सभी बधाई की पात्र हैं।

केंद्रीय महासचिव श्रीमती प्रभा जैन ने सचिवीय प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि निर्मला जी के नेतृत्व में केंद्रीय महिला परिषद की देश-विदेश में सक्रिय सभी संभागों एवं शाखाओं ने अनगिनत सामाजिक, धार्मिक एवं शैक्षणिक कार्य किए। स्वास्थ्य शिविर आयोजित करवाए गए, आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग को चिकित्सा एवं शिक्षा सहायता प्रदान की गई तथा महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए सिलाई मशीनों का वितरण किया गया।

## फिलेटेलिक एवं न्यूमिस्मेटिक सोसायटी की संयुक्त सभा में बेंगलुरु एवं पुणे से आए मेहमानों का भी हुआ सम्मान

दैनिक इंदौर संकेत

इंदौर ● इंदौर फिलेटेलिक एवं इंदौर न्यूमिस्मेटिक सोसायटी की संयुक्त मासिक सभा में इस बार बेंगलुरु से आई श्रीमती रीना श्रीवास्तव के मुख्य आतिथ्य में 3 फिलेटेलिस्ट एवं 3 न्यूमिस्मेटिस्ट का सम्मान किया गया। सोसायटी द्वारा समय कैंप लगाने का संकल्प भी किया गया। रीगल चौराहा स्थित कॉफ़ी हाउस पर सोमवार को सुबह हुई इस सभा के शुभारंभ की घोषणा नरेन्द्र अग्रवाल ने की। सबके अच्छे स्वास्थ्य की प्रार्थना रवीन्द्र व्यास ने की और स्वागत उद्बोधन जयंत डोसी ने दिया। मुद्रा के क्षेत्र में 39वां जीवन गौरव सम्मान प्राप्त होने पर गिरीश शर्मा आदित्य को भी उनकी विशिष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। बेंगलुरु से आई सुश्री नव्या श्रीवास्तव एवं पुणे से आए हर्षवर्धन लाड के साथ ही नरेन्द्र अग्रवाल, प्रो. शिवम चतुर्वेदी, मेजर डॉ. महेश कुमार गुप्ता, लक्ष्मीकांत जैन, राजेंद्र अग्रवाल एवं सुरेश भागचंदानी को भी सम्मानित किया गया। सभा को विराज भार्गव ने भी संबोधित किया। लक्ष्मीकांत जैन ने अपने ओरछा संकलन का प्रदर्शन किया। मुंबई मेरी जान संकलन का प्रदर्शन भागचंदानी ने किया। सदस्यों को जयंत डोसी, डॉ. मुकेश पाटीदार एवं कन्हैयालाल ठक्कर द्वारा उपहार भेंट किए गए। संचालन कार्यकारी अध्यक्ष राजेश शाह ने किया।

## बंगाल में भाजपा की जीत का जश्न सुखलिया चौराहे पर मनाया



दैनिक इंदौर संकेत

इंदौर ● बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड विजय की खुशी में सुखलिया चौराहे पर विधायक श्री रमेश मेंदोला के नेतृत्व में विधायक प्रतिनिधि चंदू कुंजीर सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। सुखलिया चौराहे पर भाजपा कार्यकर्ता ढोलक की थाप पर झूमे और खूब खुशियां मनाई, झालमुडी बाटी और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। इस अवसर पर सुरजीत सिंह वालिया, श्रीमति राखी अहिरवार, श्रीमती नीलम पंवार, श्रीमती ज्योति सोनी , श्रीमती रेखा पवार, श्रीमती रुक्मणि शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गणेश मंदिर के सत्संग भवन पर आज से 7 दिवसीय नर्मदा चिंतन ज्ञान यज्ञ का आयोजन

दैनिक इंदौर संकेत

इंदौर ● महाकालेश्वर और ओमकारेश्वर-ममलेश्वर जैसे दो ज्योतिर्लिंगों के बीच बसी देवी अहिल्या की नगरी और माँ नर्मदा एवं क्षिप्रा के सानिध्य में पहली बार शहर के खजराना गणेश मन्दिर पर 7 दिवसीय नर्मदा चिंतन ज्ञान यज्ञ का दिव्य आयोजन मंगलवार 5 मई से सोमवार 11 मई तक प्रतिदिन शाम 5 से 8 बजे तक माँ नर्मदा के अनन्य भक्त, पिछले लगभग दो हजार दिनों से भी ज्यादा समय से अखंड निराहार महाव्रत की कठोर साधना कर रहे परम तपस्वी, महायोगी, अवधूत दादागुरु भगवान की प्रेरणा एवं उनके पावन सानिध्य में होगा। आयोजन समिति के राजेंद्र बंसल, नित्यम बंसल एवं देवांग शर्मा ने बताया कि कथा का शुभारंभ मंगलवार को शाम 4 बजे खजराना गणेश मंदिर परिसर में वृक्ष कलश यात्रा के साथ होगा। मंगल कलशधारी 501 महिलाओं को कलश में नर्मदा जल के साथ एक-एक पौधा भी दिया जाएगा जो सातों दिन कथा स्थल पर रखने के बाद अभिमंत्रित और सिद्ध पौधे के रूप में मातृशक्ति को प.पू. दादागुरु के करकमलों से भेंट किया जाएगा। संयोग यह भी है कि माँ नर्मदा की इस कथा का अमृतपान कराने के लिए परिक्रमावासी आचार्य रविकांत शास्त्री आएंगे। इस दौरान माँ नर्मदा की सम्पूर्ण महिमा, प्राकट्य और विभिन्न लीलाओं के साथ ही नर्मदा तट के पावन तीर्थस्थलों का वर्णन भी शहर के भक्तों को सुनने को मिलेगा। स्वयं दादागुरु भगवान भी इस कथा को अपना पावन सानिध्य प्रदान करेंगे।

## हंसदास मठ पर अधिकमास में 108 विद्वानों द्वारा भागवत व रामायण के मूल पारायण सहित अनेक अनुष्ठान 17 से

दैनिक इंदौर संकेत

इंदौर ● एयरपोर्ट रोड, पीलियाखाल स्थित प्राचीन हंसदास मठ पर पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में हंस पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी रामचरणदास महाराज एवं महामंडलेश्वर महंत पवनदास महाराज के सान्निध्य में रविवार 17 मई से 15 जून तक, पूरे माह प्रतिदिन सुबह 108 विद्वानों द्वारा भगवान रणछोड़जी की साक्षी में श्रीमद भागवत पारायण (मूलपाठ) एवं रामायण पारायण तथा जाप का दिव्य अनुष्ठान होगा। इस दौरान प्रतिदिन आरती एवं ब्राह्मण तथा संतों के लिए प्रसादी भी होगी। सभी कार्यक्रमों की व्यापक तैयारियां शुरू हो गई हैं। मठ परिवार के महंत पं. अमितदास महाराज ने बताया कि मठ की परम्परा के अनुसार अधिकमास के उपलक्ष्य में प्रतिदिन भगवान लक्ष्मीनारायण का गोपाल सहस्त्रनाम एवं श्रीसूक्त पाठ भी होगा।

## वनबंधु परिषद के इंदौर चैप्टर, महिला एवं युवा समिति ने पहली बार एकसाथ आयोजित की वार्षिक साधारण सभा

दैनिक इंदौर संकेत

इंदौर ● वनबंधु परिषद इंदौर चैप्टर की वार्षिक साधारण सभा साउथ तुकोगंज स्थित जाल सभागृह में उत्साह एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई जिसमें एकता, समर्पण एवं सेवा भावना के साथ परिषद और फ्रेंड्स ऑफ ट्रायबल सोसायटी (एफटीएस) युवा इंदौर के प्रकल्पों को और अधिक रफ्तार से आगे बढ़ाने का संकल्प किया गया। यह पहला मौका था जब परिषद के सभी अंगों ने अपनी वार्षिक साधारण सभा को एकसाथ, एक मंच पर और एक ही स्थान पर आयोजित किया। सभा का शुभारंभ परिषद के एकल गीत 'निर्माणों के पावन युग में' के साथ हुआ। राष्ट्रीय महिला समिति की अध्यक्ष श्रीमती विनिता जाजू सहित परिषद के प्रमुख पदाधिकारियों ने सभा के विशेष अतिथि राम अवतार जाजू एवं मनोहर बाहेती के साथ दीप प्रज्वलन कर सभा की शुरुआत की।

सांध्य दैनिक
इंदौर संकेत

आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ



डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते हैं। इसके तहत आप चाहे प्रार्पटी व्यवसाय से जुड़े है या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।

कार्यालय का पता

5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर,
गुरुद्वारे के सामने, इंदौर
संपर्क: 94250-64357, 94245-83000

# आईपीएल में आज होगा सीएसके और दिल्ली कैपिटल्स का मुकाबला





**नई दिल्ली (एजेंसी)** • दिल्ली कैपिटल्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच मंगलवार को होने वाले लीग मुकाबले में दोनों टीमें प्लेऑफ में बनाए रखने की चुनौती का सामना करेंगी। दोनों टीमों के तालिका में समान अंक है। यह एक ऐसा अहम मोड़ लगता है, जो यह तय कर सकता है कि प्लेऑफ की दौड़ में कौन बना रहेगा और कौन दबाव के चलते पैदा हुई अफरा-तफरी में फंसता चला जाएगा। दोनों टीमों ने अपने नौ मैचों में से चार जीते हैं, दोनों के आठ-आठ अंक हैं। दोनों टीमें जानती हैं कि गलती की गुंजाइश तेजी से कम होती जा रही है। फिर भी, यहां तक पहुंचने के लिए उन्होंने जो रास्ते अपनाए हैं, वे एक-दूसरे से बिल्कुल अलग हैं। दिल्ली कैपिटल्स की बात करें, तो वह एक ऐसी टीम रही है जिसमें सब कुछ या तो बहुत अच्छा होता है या बहुत बुरा। जब वे लक्ष्य का पीछा करते हैं, तो वे निडर दिखते हैं और कभी-कभी तो उन्हें रोकना लगभग नामुमकिन लगता है। लेकिन जब वे पहले बल्लेबाज़ी करते हैं, तो उनका यह सीज़न अकसर अस्थिरता का शिकार हो जाता है, जिसकी झलक उनके नेगेटिव नेट रन रेट में स्पष्ट दिखती है। केएल राहुल उनके बल्लेबाजी क्रम में एकमात्र ऐसे खिलाड़ी रहे हैं, जिनका प्रदर्शन लगातार अच्छा रहा है। उन्होंने शांत और मजबूत अंदाज में टीम की जिम्मेदारी संभाली है। उनकी गेंदबाजी आखिरी ओवरों में संघर्ष करती दिखी है, अकसर तब रन लुटा देती है, जब नियंत्रण की सबसे ज्यादा जरूरत होती है। वहीं, चेन्नई सुपर ड्क्षकग्स एक अलग पहचान के साथ मैदान में उतर रही है। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने लगातार असरदार पारियां खेलकर अपनी लय वापस पा ली है, जबकि संजू सैमसन चुपचाप उनके सबसे भरोसेमंद स्कोरर बन गए हैं। दोनों टीमों के बीच के पिछले मुकाबले (हेड-टू-हेड) इस मैच को और भी दिलचस्प बनाते हैं। सीएसके ने सीज़न की शुरुआत में दिल्ली कैपिटल्स को हराया था, लेकिन अब वह नतीजा काफी पुराना लगता है। अब दोनों टीमें काफी बदल चुकी हैं और उनकी नई कमजोरियां सामने आई हैं।

## पंजाब किंग्स के बॉलिंग कोच बने जेम्स होप्स



**नई दिल्ली (एजेंसी)** • ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर जेम्स होप्स को बिग बैश में बड़ा मौका मिला है। उन्हें मेन्स बीबीएल का खिताब तीन बार जीतने वाली सिडनी सिक्सर्स ने एक अहम जिम्मेदारी से नवाजा है। आईपीएल में पंजाब किंग्स के बॉलिंग कोच की भूमिका निभा रहे जेम्स होप्स को सिडनी सिक्सर्स ने अपना हैड कोच नियुक्त किया है। इस रोल के लिए जेम्स होप्स का सिडनी सिक्सर्स के साथ दो साल का करार हुआ है। ऑस्ट्रेलिया के लिए 84 वनडे और 12 टी-20 खेलने वाले जेम्स होप्स बिग बैश के अगले सीजन से पहले सिडनी सिक्सर्स के हेड कोच का पद संभाल लेंगे। जेम्स होप्स ने कहा कि उनके लिए यह एक बड़ी बात है कि वह एक ऐसे क्रिकेट क्लब का हिस्सा बनने जा रहे हैं, जिसका एक गौरवान्वित इतिहास रहा है और जिसकी नींव मजबूत है।

## टी20 में सबसे धीमे शतक का रिकार्ड है स्टर्लिंग के नाम



**मुंबई (एजेंसी)** •मुम्बई (ईएमएस)। टी20 क्रिकेट में जहां बल्लेबाज तेजी से शतक पूरा करने के लिए जमकर चौक, छक्के लगाते हैं और लोगों को आतिशी खेल देखने को मिलता है। वहीं आयरलैंड के सलामी बल्लेबाज पॉल स्टर्लिंग इसके अपवाद है। स्टर्लिंग के नाम इस प्रारुप में सबसे धीमा शतक है। उन्होंने ये शतक साल 2021 में बनाया था जिसने प्रशंसकों को हैरानी में डाल दिया था हालांकि इसके बाद भी। उन्होंने जिम्बाब्वे के टी20 इतिहास का सबसे धीमा शतक लगाकर आयरलैंड को 40 रनों की जीत दिलाई थी। स्टर्लिंग ने अपने शतक तक पहुँचने के लिए 70 गेंदों को खेला था। उन्होंने कुल 75 गेंदों में 115 रनों की अहम पारी खेली, जिसमें 8 चौके और इतने ही शानदार छक्के शामिल थे। यह रिकॉर्ड आज भी बना हुआ है और शायद भविष्य में कोई बल्लेबाज इसे तोड़ना पसंद न करे, क्योंकि टी20 क्रिकेट हमेशा तेजी पर टिका है। स्टर्लिंग की इस पारी ने ये जरुर साबित किया है कि धीमी बल्लेबाजी से भी जीत संभव है।

# मेरी मां बेहतरीन अदाकारों में से एक: पलक



**मुंबई (एजेंसी)** • आगामी वेब सीरीज लुक्खे के जरिए अभिनेत्री पलक तिवारी ओटीटी प्लेटफॉर्म पर डेब्यू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस सीरीज में पलक ने सनोबर नाम की एक ऐसी लड़की का किरदार निभाया है, जो म्यूजिक और हाई-स्टेक्स वाली दुनिया में अपनी कमजोरियों, प्यार और अंदरूनी संघर्षों से लड़ती नजर आएगी। यह सीरीज चंडीगढ़ की पृष्ठभूमि पर आधारित है और इसमें रैप कल्चर, स्ट्रीट राइवलरी और बदले की एक रोमांचक कहानी को दर्शाया गया है। पलक अपने किरदार को बेहद दिलचस्प बताती हैं और उनका कहना है कि सनोबर काफी भावनात्मक और एक्सप्रेसिव है, जो दर्शकों को उससे जोड़ पाएगी। पलक तिवारी को अभिनय विरासत में मिला है, उनकी मां श्वेता तिवारी टेलीविजन इंडस्ट्री की अदाकारा हैं, जिन्होंने अपने अभिनय से लाखों दिलों पर राज किया है। दिग्गज अभिनेत्री की बेटी होने के नाते, पलक पर हमेशा उम्मीदों का दबाव रहता है, लेकिन वह इसे सकारात्मक रूप से देखती हैं। इस बारे में पलक का कहना है, बेशक, मेरी मां के शानदार अभिनय की वजह से थोड़ा प्रेशर होता है, लेकिन मेरी नजर में वह सबसे बेहतरीन कलाकारों में से एक हैं और उनकी विरासत मेरे लिए प्रेरणा का स्रोत है।

## खुद पर बेवजह का दबाव न डालना ही महत्वपूर्ण : अदा शर्मा



**मुंबई (एजेंसी)** • अभिनेत्री अदा शर्मा का मानना है कि आज के तेजी से बदलते दौर में काम और निजी जिंदगी के बीच सही संतुलन बनाना हमेशा संभव नहीं हो पाता। अभिनेत्री ने हाल ही में काम और निजी जीवन के बीच संतुलन बनाने की चुनौतियों पर खुलकर बात की है। उन्होंने वर्क-लाइफ बैलेंस की तुलना जेंगा के खेल से की, जिसमें थोड़ा सा बदलाव भी पूरे ढांचे को बिगाड़ सकता है। अदा ने कहा कि यह जेंगा के खेल जैसा लगने लगता है। बस एक और शूट जुड़ता है और सब कुछ डगमगा जाता है। उनका कहना है कि परफेक्ट बैलेंस के पीछे भागने के बजाय, वह दिन को हल्के-फुल्के अंदाज में जीने पर ध्यान देती हैं। उनके लिए छोटे-छोटे पलों में खुशी ढूंढना और खुद पर बेवजह का दबाव न डालना ही सबसे महत्वपूर्ण है। अदा ने आगे कहा कि उन्होंने यह बात अच्छी तरह समझ ली है कि वह परफेक्ट बैलेंस बनाने में उतनी अच्छी नहीं हैं, लेकिन इतना जरूर कर लेती हैं कि पूरी तरह टूट न जाएं। वे कई बार पांच घंटे की नींद को भी सेहतमंद मान लेती हैं और उसी के सहारे अपना पूरा दिन आराम से निकाल लेती हैं।

# उज्जैन संभाग

## लग्जरी कार ऑडी जलकर खाक, राजस्थान से बगैर रुके आ रहे थे खाचरोद, आग लगते ही बाहर निकले

**दैनिक इंदौर संकेत**



**उज्जैन** •भीषण गर्मी के बीच एक लग्जरी कार में आग लगने की घटना सामने आई है। रविवार को खाचरौद क्षेत्र में बरलाई रोड पर एक ऑडी देखते ही देखते जलकर पूरी तरह खाक हो गई। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें महंगी कार धू-धू कर जलती दिखाई दे रही है। जानकारी के मुताबिक निंबाहेड़ा निवासी लक्ष्यराज सिंह राठौड़ अपने साथी के साथ रिश्तेदार से मिलने खाचरौद के ग्राम अर्जला आए थे। वे राजस्थान से बिना रुके लगातार सफर कर रहे थे। इसी दौरान रास्ते में कार से धुआं निकलता दिखाई दिया। स्थिति भांपते हुए राठौड़ ने तुरंत गाड़ी रोकी और बोनट खोलकर जांच करने लगे, तभी अचानक कार में आग भड़क उठी। आग लगते ही दोनों युवक तुरंत कार से बाहर निकल गए, जिससे उनकी जान बच गई, लेकिन कुछ ही मिनटों में आग ने पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया और गाड़ी जलकर राख हो गई। सूचना मिलने पर खाचरौद पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि भीषण गर्मी और लंबे समय तक लगातार ड्राइव करने के कारण कार की वायरिंग में शॉर्ट सर्किट हुआ, जिससे आग लग गई। डीजल से भरी कार होने के कारण आग तेजी से फैल गई और गाड़ी में रखा सामान भी जलकर नष्ट हो गया।

## गेहूं खरीदी केंद्र का भारतीय किसान संघ ने किया निरीक्षण

**दैनिक इंदौर संकेत**

**सुसनेर** • गत दिनों भारतीय किसान संघ के जिला उपाध्यक्ष बने सिंह यादव एवं तहसील अध्यक्ष प्रेम सिंह परमार ने सुसनेर उपार्जन केंद्र पहुंचकर गेहूं खरीदी व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान केंद्र पर किसानों की तुलाई प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित होती पाई गई। निरीक्षण के दौरान पदाधिकारियों ने मौके पर किसानों से चर्चा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिए कि खरीदी कार्य पूरी पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से किया जाए, जिससे किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। पदाधिकारियों ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने निर्धारित स्लॉट बुकिंग के अनुसार ही गेहूं लेकर केंद्र पर पहुंचे और समय पर तुलाई कराएं, ताकि अव्यवस्था की स्थिति न बने। उन्होंने बताया कि केंद्र पर व्यवस्थाएं संतोषजनक हैं और किसानों की सुविधा के लिए आवश्यक इंतजाम किए गए हैं।

## महाकाल मंदिर समिति की बैठक, 11 करोड़ के शेड, क्यूआर सिस्टम

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की बैठक में श्रद्धालुओं की सुविधाओं, डिजिटल सिस्टम और सिंहस्थ-2028 की तैयारियों से संबंधित महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस दौरान कर्मचारियों के महंगाई भत्ते के भुगतान, दर्शन व्यवस्था में सुधार और कंट्रोल रूम के एकीकरण को भी मंजूरी दी गई। यह महत्वपूर्ण बैठक 4 मई 2026 को महाकाल महालोक कंट्रोल रूम स्थित मीटिंग हॉल में आयोजित की गई थी। इसकी अध्यक्षता कलेक्टर एवं समिति अध्यक्ष रोशन कुमार सिंह ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य मंदिर प्रशासन को सुदृढ़ करना, श्रद्धालुओं की सुविधाओं में वृद्धि करना और सिंहस्थ-2028 की तैयारियों को गति देना था। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए महाकाल महालोक में लगभग 11 करोड़ रुपये की लागत से फैब्रिकेशन शेड लगाने का निर्णय लिया गया। ये शेड त्रिवेणी गेट से नंदी द्वार होते हुए बड़े गणेश मंदिर तक पूरे दर्शन मार्ग पर स्थापित किए जाएंगे।इससे गर्मी और बारिश के दौरान दर्शनार्थियों को राहत मिलेगी। इस कार्य को स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत महाकाल लोक की मौजूदा डिजाइन और सौंदर्यीकरण के अनुरूप पूरा किया जाएगा। दर्शन व्यवस्था को आधुनिक बनाने के लिए त्तक्र आधारित फ्लैप बैरियर्स लगाए जाएंगे, जिससे भीड़ प्रबंधन और लाइन व्यवस्था बेहतर होगी। डिजिटल सुविधाओं के विस्तार के तहत मंदिर की वेबसाइट पर अन्नक्षेत्र मॉड्यूल शुरू किया जाएगा, जिससे श्रद्धालु ऑनलाइन अन्नदान और भोजन की बुकिंग कर सकेंगे।

## बंगाली कॉलोनी में जश्न, भाजपा की जीत पर शंख ध्वनि और ढोल-नगाड़ों से उत्साह

**दैनिक इंदौर संकेत**



**उज्जैन** • पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा की बढ़त के बाद उज्जैन की बंगाली कॉलोनी में जश्न का माहौल देखा गया। ढोल-नगाड़ों की थाप पर नृत्य किया गया, मिठाइयां बांटी गईं और लोगों ने एक-दूसरे को बधाई दी। सोमवार दोपहर से ही बंगाली समुदाय के लोग सड़कों पर उतरकर अपनी खुशी का इजहार करने लगे। यह जश्न पश्चिम बंगाल में भाजपा की मजबूत स्थिति के शुरुआती संकेतों के बाद शुरू हुआ। जश्न में युवक-युवतियां और बुजुर्ग ढोल-नगाड़ों की धुन पर नाचते दिखे। लोगों ने तिरंगा और पार्टी के झंडे लहराए, मिठाइयां बांटीं और एक-दूसरे को बधाई दी। इस अवसर पर उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. रवि सोलंकी भी शामिल हुए। उन्होंने लोगों के साथ खुशी साझा की, शंख बजाया और झांझ मंजीरे बजाकर मिठाइयां वितरित कीं। स्थानीय लोगों ने इस उत्सव को केवल राजनीतिक बढ़त का नहीं, बल्कि बदलाव की उम्मीद का प्रतीक बताया। अनीता चक्रवर्ती ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें इस पल का लंबे समय से इंतजार था। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और प्रशासन भी मुस्तैद है, ताकि किसी भी तरह की अव्यवस्था न हो और कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।

## बीकॉम द्वितीय वर्ष कॉस्ट अकाउंटिंग परीक्षा स्थगित, विश्वविद्यालय ने नई तारीख जल्द घोषित करने की बात कही

**दैनिक इंदौर संकेत**




**उज्जैन** • सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय ने बीकॉम द्वितीय वर्ष की कॉस्ट अकाउंटिंग परीक्षा स्थगित कर दी है। यह परीक्षा 4 मई 2026 को उज्जैन में आयोजित होने वाली थी। विश्वविद्यालय ने बताया कि नई तारीख जल्द घोषित की जाएगी। यह परीक्षा सोमवार को दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक निर्धारित थी। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार, परीक्षा केंद्रों पर सामग्री से जुड़ी तकनीकी कठिनाइयों के कारण इसे स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। विश्वविद्यालय ने सभी प्राचार्यों, केंद्राध्यक्षों और संबंधित कॉलेजों को इस संबंध में सूचना जारी कर दी है। कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने बताया कि छात्रों को असुविधा से बचाने के लिए यह निर्णय समय रहते लिया गया है। प्रो. भारद्वाज ने सभी कॉलेजों से अपील की है कि वे व्हाट्सएप ग्रुप, सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से छात्रों तक यह सूचना तुरंत पहुंचाएं। विश्वविद्यालय ने आश्वस्त किया है कि परीक्षा की नई तिथि जल्द ही घोषित की जाएगी, ताकि छात्र अपनी तैयारी जारी रख सकें।

## अवैध लकड़ी परिवहन करते ट्रेलर को पकड़ा, वन विभाग की कार्रवाई; नहीं मिले दस्तावेज

**दैनिक इंदौर संकेत**



**आगर मालवा**• जिले में वन विभाग ने अवैध लकड़ी परिवहन के खिलाफ कार्रवाई की है। रविवार देर रात पिपलोन कला क्षेत्र के ग्राम कालियाखेड़ी में लगभग 200 क्विंटल लकड़ी से भरा एक ट्रेलर जब्त किया गया। जब्त वाहन को आगे की जांच के लिए वन परिक्षेत्र कार्यालय में खड़ा कराया गया है।

वन विभाग को क्षेत्र में अवैध लकड़ी परिवहन की सूचना मिली थी। पिपलोन बिट प्रभारी विपिन शर्मा के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई करते हुए संदिग्ध ट्रेलर को रोका। चालक से लकड़ी परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वह कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद वन विभाग ने तत्काल वाहन को जब्त कर लिया।

बिट प्रभारी विपिन शर्मा ने बताया कि पकड़े गए ट्रेलर का चालक देशराज, पिता ओंकार, निवासी अलवर, राजस्थान है। चालक से लकड़ी के स्रोत और गंतव्य के बारे में पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक जांच में ट्रेलर में ऊपर से दिख रही अधिकांश लकड़ियां बबूल प्रजाति की लग रही हैं। हालांकि, ट्रेलर को पूरी तरह खाली नहीं किया गया है, इसलिए अन्य प्रजाति की लकड़ियां भी मिलने की संभावना है।

वन विभाग ने मामला दर्ज कर लिया है। लकड़ी की वास्तविक मात्रा, प्रजाति और परिवहन की वैधता की विस्तृत जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध लकड़ी कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

# झाबुआ में डीएवीवी को मेडिकल कॉलेज चलाने की परमिशन का इंतजार

## कुलगुरु बोले- जमीन अलॉट हुई

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर की देवी अहिल्या विश्वविद्यालय झाबुआ में मेडिकल कॉलेज खोलने की तैयारी में है। इसके लिए यूनिवर्सिटी को जमीन भी अलॉट हो चुकी है। हालांकि जब तक कॉलेज की बिल्डिंग तैयार नहीं होती तब वहां के इंजीनियरिंग कॉलेज में ही मेडिकल कॉलेज चलाने के लिए यूनिवर्सिटी ने परमिशन मांगी है। इस पर जल्द जवाब आने की यूनिवर्सिटी प्रबंधन को उम्मीद है।

**यूनिवर्सिटी का खुद का मेडिकल कॉलेज होगा**–कुलगुरु प्रोफेसर राकेश सिंघई ने बताया कि यूनिवर्सिटी की कार्यपरिषद में मेडिकल कॉलेज खोलने का फैसला लिया गया था। इसमें तय किया गया था कि झाबुआ में मेडिकल कॉलेज स्थापित किया जाएगा। इसके लिए मध्यप्रदेश शासन ने हायर एजुकेशन विभाग के माध्यम से यूनिवर्सिटी को जमीन भी आवंटित कर दी है।




झाबुआ डिस्टिक हॉस्पिटल है, उस हॉस्पिटल को, मध्यप्रदेश शासन ये निर्णय ले रहा है कि वह यूनिवर्सिटी को सौंप दिया जाएगा। जिससे हमारा जो शैक्षणिक अस्पताल है उसके रूप में वह जिला हॉस्पिटल काम कर सकेगा।

**इंजीनियरिंग कॉलेज में मेडिकल कॉलेज चलाने की मांगी अनुमति**–कुलगुरु प्रोफेसर राकेश सिंघई ने बताया कि यह भी कोशिश की जा रही है कि वहां पर राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का इंजीनियरिंग कॉलेज है। यदि शासन उचित समझता है तो, यूनिवर्सिटी ने मांग की है कि जब तक नए परिसर में हमारा मेडिकल कॉलेज स्थापित नहीं हो जाता तब तक इंजीनियरिंग कॉलेज में मेडिकल कॉलेज चलाने की अनुमति दे दी जाए। इसके लिए नेशनल मेडिकल कांउसिल में यूनिवर्सिटी ने आवेदन भी कर दिया है।

**उम्मीद है इस महीने तक निर्णय आ सकता है**–उन्होंने बताया कि 100 सीट के लिए 300 बैड का हॉस्पिटल होना जरूरी है। वहां हमें बताया है कि वहां 250 बैड का हॉस्पिटल है। कुल मिलाकर हमें 300 बैड का हॉस्पिटल मिल जाएगा। कुलगुरु ने कहा कि अस्पताल तो हमें मिल रहा है, इसलिए उसकी लागत नहीं है, लेकिन कॉलेज बनाने के लिए कम से कम 350 से 400 करोड़ रुपए की लागत इनिशयली आएगी। उम्मीद है कि इस महीने तक इसका कुछ निर्णय हो सकता है।

# इंदौर फायर सर्विस हाईटेक अब आग से लड़ेगा रोबोट

### आउटसोर्स से 33 फायर चालक-हेल्पर हो रहे तैयार, एक महीने में फायर स्टेशनों पर होंगे तैनात

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर फायर सर्विस को और ज्यादा सक्षम और आधुनिक बनाने के लिए बड़ा कदम उठाया गया है। शहर में गंभीर अग्नि दुर्घटनाओं से निपटने के लिए अब फायर फाइटिंग रोबोट का इस्तेमाल शुरू कर दिया गया है। इसके साथ ही फायर स्टेशनों पर स्टाफ की कमी दूर करने के लिए नए हेल्पर और चालकों की भर्ती कर उन्हें विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

नगर निगम ने उन्नत तकनीक से लैस फायर फाइटिंग रोबोट खरीदा है, जिसका उपयोग वर्तमान में किया जा रहा है। यह रोबोट उन जगहों पर भी काम कर सकेगा, जहां आग बुझाना बेहद जोखिम भरा होता है। इससे फायर फाइटर्स की सुरक्षा बढ़ेगी और रेस्क्यू ऑपरेशन ज्यादा तेज और प्रभावी हो सकेगा। अपर आयुक्त एवं प्रमुख अधीक्षक फायर आशीष कुमार पाठक के मुताबिक, फायर स्टेशनों पर बल की कमी को देखते हुए 33 फायर हेल्पर और चालकों की नियुक्ति आउटसोर्स माध्यम से की गई है। इससे शहर की अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने में मदद मिलेगी। फायर फाइटिंग रोबोट और प्रशिक्षित स्टाफ के साथ इंदौर फायर सर्विस अब हाईटेक हो रही है। यह पहल शहर में आग से जुड़ी बड़ी घटनाओं पर बेहतर और सुरक्षित नियंत्रण सुनिश्चित करने की दिशा में अहम मानी जा रही है। नव–नियुक्त कर्मचारियों को लक्ष्मीबाई नगर स्थित फायर ट्रेनिंग सेंटर में एक महीने का विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है।



### शहरभर के स्टेशनों पर होगी तैनाती

ट्रेनिंग पूरी होने के बाद इन कर्मचारियों को इंदौर के अलग–अलग फायर स्टेशनों पर तैनात किया जाएगा। इससे स्टाफ की कमी दूर होगी और किसी भी आपदा से निपटने की क्षमता और मजबूत होगी।

# प. बंगाल जीत पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की आंखों से निकले आंसू

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● पश्चिम बंगाल की जीत के मायने क्या हैं, ये मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने भावुक होकर बताया। उन्होंने कहा कि वहां मुझ पर और प्रचारकों पर दुष्कर्म, बच्चा बेचने जैसे फर्जी केस लगाए गए थे। मैं मानसिक पीड़ा से गुजरा हूं। आज अगर मैं जीवित हूं तो वो....पश्चिम बंगाल में टीएमसी का जाना और बीजेपी सरकार का बनना लगभग तय हो गया है। इस जीत से सबसे ज्यादा खुश और भावुक मंत्री कैलाश विजयवर्गीय हुए। सोमवार 4 मई को उन्होंने अपने निवास पर पत्रकारों से बात की। इसमें वह भावुक हो गए और वहां के हालात बताते–बताते आंखों से आंसू आ गए। वहीं विजयवर्गीय ने बंगाल में बीजेपी की विजय पर (रुझानों में) सभी अतिथियों को झालमुरी भी खिलाई।

मंत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल में, जब मैं बीते चुनाव में प्रभारी था तब मुझ पर और हमारे प्रचारकों पर दुष्कर्म, बच्चे बेचने जैसे

## बोले- ममता ने फर्जी केस लगाए



गैर जमानती धारा के फर्जी केस बनाए गए। ममता बनर्जी (पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री) हमें जेल भेजने में लगी हुई थीं। मैं किस मानसिक पीड़ा से गुजरा हूं बता नहीं सकता हूं। आप समझ सकते हैं कि ऐसे केस लगाए गए। हम पर 32–32 केस लगा दिए गए। वह तो हमारी न्यायपालिका निष्पक्ष है , नहीं तो जेल में डाल दिया जाता। यहां बैठकर बंगाल के हालत की कल्पना नहीं कर सकते हैं।

### कोविड नहीं आता तो बीते बार ही बनती सरकार

कैलाश विजयवर्गीय बीते चुनाव के दौरान साल 2021 में बंगाल चुनाव के प्रभारी थे। उन्होंने कहा कि यदि कोविड नहीं होता तो बीती बार ही हमारी सरकार बनती। कोविड के कारण प्रधानमंत्री मोदी के दौरे नहीं हो सके। हम तीन सीट से 70 पार हो चुके थे और सरकार बन जाती। हमने संगठन स्तर पर काम किया और ब्लॉक –ब्लॉक में जाकर संगठन को तैयार किया था।

**देश विरोधी गतिविधियों का केंद्र था बंगाल**–उन्होंने कहा कि ये मोदी और शाह का देश को बड़ा तोहफा है। अगर अब हम नहीं जीतते तो बंगाल देश के लिए एक बड़ा नासूर बन जाता। ये देशविरोधी गतिविधियों का अड्डा बन चुका था।

आगे उन्होंने कहा कि यह आतंकवाद, नकली नोट और हथियार लाने जैसी गतिविधियों के लिए गेटवे बन गया था। अब अभिषेक बनर्जी भागते फिर रहे हैं। वो बंगाल से भाग गए हैं, जो पहले गृहमंत्री अमित शाह को चुनौती दिया करते थे।

# सभी सट्टा बाजारों में इंदौर का सट्टा बाजार रहा सबसे सटीक बंगाल चुनाव में किया था जीत का दावा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● पश्चिम बंगाल के चुनाव परिणाम सामने आते ही इंदौर का चुनाव सट्टा बाजार चर्चा में आ गया है। फलौदी सट्टा बाजार, दिल्ली सट्टा बाजार और कोलकाता सट्टा बाजार ने चुनाव में भाजपा को 200 से कम सीटें बताई थी लेकिन अकेला इंदौर का सट्टा बाजार पश्चिम बंगाल में भाजपा की प्रचंड जीत का दावा करते हुए 200 से ज्यादा सीटों का आंकलन कर रहा था। यही कारण है कि चुनाव परिणाम सामने आते ही अब इंदौर का सट्टा बाजार सुर्खियों में आ गया है। इंदौर के सट्टा बाजार जिसमें भाजपा को 200 से ज्यादा सीटें बताई जा रही थीं। इंदौर के सटोरिए पश्चिम बंगाल में भाजपा की ऐतिहासिक जीत बता रहे थे, चुनाव विश्लेषण और भारी मतदान को लेकर ये कयास लगाए जा रहे हैं कि यहां भाजपा की ऐतिहासिक जीत होगी।

इंदौर के सट्टा बाजार में भाजपा को कुल 200 से ज्यादा सीटों की बात की जा रही है, कुछ तो ये आंकड़ा ढाई सौ तक पहुंचने को लेकर भी सौदे कर रहे हैं। इंदौर के सट्टा बाजार में भाजपा को 290 में से 215 से 255 सीट बताई जा रही है। वहीं टीएमसी को 70–80 सीट ज्यादा नहीं बताई जा रही है।

# नवकारसी विवाद राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचा 50 लाख रुपये का मानहानि नोटिस जारी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर में महावीर जन्म कल्याणक के दौरान नवकारसी आयोजन में उपजा विवाद अब स्थानीय दायरे से बाहर निकलकर राष्ट्रीय फलक पर पहुंच गया है, जहां 50 लाख रुपए के मानहानि नोटिस ने मामले को एक नया मोड़ दे दिया है। श्वेतांबर जैन समाज के भीतर उठा यह मुद्दा देशभर में चर्चा का विषय बन चुका है, जिस पर सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर 22 हजार से अधिक प्रतिक्रियाएं सामने आ चुकी हैं। इन प्रतिक्रियाओं में बड़ी संख्या में समाजजनों ने संवाद और समन्वय के जरिए शीघ्र समाधान की मांग की है, लेकिन अब यह मामला कानूनी लड़ाई की दिशा में बढ़ता दिख रहा है।




वहीं यह विवाद अब केवल इंदौर या मध्यप्रदेश तक सीमित नहीं रह गया है। श्री नाकोड़ा जैन कॉन्फ्रेंस से जुड़े सदस्यों ने इसे सोशल मीडिया, मैसेजिंग समूहों और विभिन्न धार्मिक मंचों के माध्यम से देशभर में प्रसारित किया है। इसके चलते यह विषय अब राष्ट्रीय जैन समाज के व्यापक विमर्श का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है, जिस पर विभिन्न राज्यों के समाजजन अपनी राय व्यक्त कर रहे हैं।

पिछले कुछ दिनों से लगातार आ रही प्रतिक्रियाओं में समाजजनों ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि धार्मिक आयोजनों से जुड़े ऐसे संवेदनशील विवादों को प्रतिष्ठा का प्रश्न बनाने के बजाय, संवाद और सौहार्दपूर्ण बातचीत के जरिए सुलझाया जाना चाहिए। अधिकांश लोगों ने सामाजिक समरसता और भाईचारा बनाए रखने पर विशेष जोर दिया है, ताकि समाज की एकता खंडित न हो।

विवाद की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा रहा है कि यह मुद्दा अब 80 से अधिक आचार्य–गच्छाधिपति परंपराओं और विभिन्न संप्रदायों तक पहुंच चुका है। समाज के भीतर यह प्रश्न उठने लगे हैं कि समन्वय और अहिंसा की अपनी परंपरा के लिए पहचाने जाने वाले जैन समाज में यह विवाद इतना लंबा क्यों खिंच रहा है। साथ ही, समाज के नेतृत्व, संवाद क्षमता और संगठनात्मक समन्वय पर भी गंभीर सवाल खड़े किए जा रहे हैं।

### टीईटी जुलाई में संभव, डीपीआई अगले सप्ताह से देगा कोचिंग

# टीचर बनेंगे विद्यार्थी, कोचिंग लेकर देंगे 'योग्यता' की परीक्षा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● हाईस्कूल और हायर सेकंडरी कक्षाओं का रिजल्ट सुधारने रेमेडियल और एक्स्ट्रा क्लास लेने वाले सरकारी स्कूल के शिक्षक अब खुद ही कोचिंग लेकर पात्रता परीक्षा देंगे। एक तरफ सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटीशन दायर की है, दूसरी तरफ लोक शिक्षण संचालनालय शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) करवाएगा। इसके लिए स्पेशल कोचिंग में तैयारी करवाई जाएगी, ताकि परीक्षा पास कर नौकरी बचा सकें। सितंबर में सुप्रीम कोर्ट का आदेश आते ही डीपीआई ने टीईटी करवाने का आदेश जारी कर दिया था। इसमें कर्मचारी चयन मंडल ईएसबी से जुलाई–अगस्त में परीक्षा प्रस्तावित की है। उसके पहले संचालनालय इसी माह से कोचिंग की तैयारी कर रहा है, ताकि अधिकतम शिक्षक सफल हो सकें। स्पेशल कोचिंग ऑनलाइन होगी और यू–ट्यूब के माध्यम से ट्रेनिंग दी जाएगी। इसकी तैयारी भी विभाग ने शुरू की है। इसमें एक लाख से ज्यादा शिक्षकों को यू–ट्यूब के जरिए टीईटी के मुश्किल प्रश्न हल करवाए जाएंगे। टीईटी के लिए विभाग ने सिलेबस भी तैयार कर लिया है।

**रेमेडियल क्लास की तरह चलेगी विशेष कोचिंग**–परीक्षा की तैयारी करवाने रेमेडियल क्लास के तौर पर कोचिंग इसी माह दूसरे सप्ताह में शुरू हो सकती है। इसका मॉड्यूल अथवा हॉट टॉपिग विभाग जारी कर सकता है। इस मॉड्यूल से परीक्षा के दायरे में आ रहे सभी शिक्षकों को खास ट्रेनिंग दी जाएगी। इस ऑनलाइन कोचिंग क्लास की जिम्मेदारी लोक शिक्षण संचालनालय की असेसमेंट शाखा को सौंपी जा रही है। सभी शिक्षकों के लिए यह ऑनलाइन कोचिंग पूरी तरह से नि:शुल्क होगी। शिक्षक अपने स्मार्ट फोन या लैपटॉप के जरिए कोचिंग में शामिल हो सकेंगे।

**शिक्षक सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचे**–संगठनों के बैनर तले प्रदेश के डेढ़ लाख शिक्षक टीईटी का विरोध कर रहे हैं। शासकीय शिक्षक संगठन के साथ हजारों शिक्षक सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गए हैं। वे पुनर्विचार याचिका का फैसला आने तक टीईटी टालने की मांग भी कर रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा दायर रिव्यू पिटीशन पर सुप्रीम कोर्ट में 13 मई को सुनवाई होगी। सरकार वाली पुनर्विचार याचिका को स्वीकार करने के बाद सुनवाई के लिए 13 मई की तारीख तय की गई है।

### असेसमेंट सेल करेगा कोचिंग की निगरानी

पूरा पाठ्यक्रम और मॉड्यूल तैयार करने में जुटे संचालनालय ने शिक्षकों की कोचिंग की जिम्मेदारी असेसमेंट सेल को सौंपी है। ये कोचिंग प्रक्रिया की निगरानी करेगी। यह सेल कोचिंग में ऑनलाइन जुड़ने वाले शिक्षकों की हाजिरी पर भी नजर रखेगी। इसका यूट्यूब और अन्य डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म के जरिए लाइव प्रसारण होगा। बाकायदा स्टूडियो बनाया है, जहां से विषयों के विशेषज्ञ मॉड्यूल के चैप्टर से कोर्स पूरा करवाएंगे। इसके लिए पॉवर पॉइंट प्रजेंटेशन का इस्तेमाल भी होगा। वहीं, स्मार्ट क्लास में वीडियो भी दिखाए जाएंगे।

# किसान परेशान, प्रबंधक की बदसलूकी से आक्रोश

**निलेश चौहान : 94250-77209**

**देपालपुर ● दैनिक इंदौर संकेत**

शासन एक ओर किसानों को सुविधा देने के दावे कर रहा है, वहीं दूसरी ओर देपालपुर के छोटी कलमेर उपार्जन केंद्र पर ये दावे खोखले साबित हो रहे हैं। यहाँ अव्यवस्थाओं और संस्था प्रबंधक की मनमानी ने किसानों का जीना मुहाल कर दिया है। भीषण गर्मी में 5–6 दिनों तक तौल का इंतजार और ऊपर से प्रबंधक का अभद्र व्यवहार—इन सब से तंग आकर किसानों ने अब प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

कलेक्टर और बैंक सीईओ को सौंपा ज्ञापन, दी उग्र आंदोलन की चेतावनी केंद्र की बदहाली से आक्रोशित किसानों ने इंदौर कलेक्टर और आईपीसी बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) को औपचारिक ज्ञापन सौंपकर प्रबंधक जगदीश चौधरी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। किसानों ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि 24 घंटे के भीतर व्यवस्थाएं नहीं की गई तो हम यहां विरोध प्रेदशन करेंगे ।

किसानों ने अपनी शिकायत में केंद्र की पोल खोलते हुए गंभीर आरोप लगाते हुए बताया की केंद्र पर तौल के लिए मात्र एक कांटा उपलब्ध है, जिसके



कारण किसानों को अपनी बारी के लिए 5 से 6 दिनों तक भीषण धूप में खड़ा रहना पड़ रहा है।वही तपती गर्मी के बावजूद केंद्र पर न तो पीने के पानी का प्रबंध है और न ही बैठने के लिए छाया (शेड) की व्यवस्था और जब किसान सुविधाओं की मांग करते हैं, तो प्रबंधक जगदीश चौधरी अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं। किसानों के अनुसार, प्रबंधक का कहना है कि 'पानी क्या मैं अपने घर से लाऊं?' वही केंद्र पर पर्याप्त श्रमिक न होने से तौल की गति अत्यंत धीमी है, जिससे कतारें लंबी होती जा रही हैं।

**जिम्मेदारों की चुप्पी पर उठे सवाल**–हैरानी की बात यह है कि इतनी शिकायतों के बावजूद अब तक कोई भी जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा है। किसानों का कहना है कि अधिकारियों की इसी अनदेखी के कारण प्रबंधक के हौसले बुलंद हैं। हम यहाँ अपनी मेहनत की फसल बेचने आते हैं या अपमान सहने प्रशासन हमारी धैर्य की परीक्षा न ले।

जानकारी में पता चला प्रबंधक के खिलाफ ग्राम पंचायत के सरपंच समिति के सदस्य और ग्रामीण जनों ने मिलकर कलेक्टर के समक्ष शिकायत की है किसान लगातार प्रबंधक की कार्य प्रणाली से अपमानित हो रहे थे इसलिए प्रबंधक के खिलाफ भारी आक्रोश है समय रहते हैं प्रशासन संज्ञान नहीं लेता है तो मामला तुल पकड़ लेगा किसने की मांग है प्रबंधक के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाए।

### प्रशासन को अल्टीमेटम

किसानों ने स्पष्ट किया है कि यदि दोषी प्रबंधक पर तत्काल कार्रवाई नहीं हुई और तौल के लिए कांटों की संख्या नहीं बढ़ाई गई, तो आगामी ऋण वितरण और उपार्जन कार्य को ठप कर दिया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : अक्षय तिवारी द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44–45/ए, 50–51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)– 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरूद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। आरएनआई – एमपीएचआईएन/2021/81650
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।